एम.ए. सेमेस्टर I (संस्कृत) 2010–2011
प्रश्न पत्र कूट संख्या 101
प्रश्न पत्र – I वैदिक साहित्य

पाठ्यक्रम **अंक 75**

1. ऋग्वैदिक एवं अथर्ववेदीय सूक्त (कुछ चुने हुए सूक्त मात्र)

2. निरुक्त (प्रथम अध्याय मात्र)

3. वैदिक साहित्य का सामान्य इतिहास

4. संहिता पाठ से पद पाठ

सम्पूर्ण पाठ्यक्रम तीन खण्डों तथा पाँच इकाइयों में विभाजित किया गया है । इसका विस्तृत विवरण निम्न लिखित है –

पाठ्यक्रम का विस्तृत विरवरण

प्रथम खण्ड (वस्तुनिष्ठात्मक भाग) 10 अंक
इस खण्ड के अन्तर्गत ,विकल्प रहित वस्तुनिष्ठ कुल दस प्रश्न पूछे जायेंगे । ये पाठ्यक्रम पर आधारित होंगे तथा सभी इकाइयो से समान रूप से सम्बद्ध होंगे ।

पाठ्यक्रम की इकाईयॉ –

प्रथम इकाई – ऋग्वेद एवं अथर्ववेदीय संहिताओं के निम्नलिखित सूक्त – अग्नि (1/1) , रुद्र (2/33) अथर्वेदीय , पृथ्वी (12/1) , पुरुष (10/90) सवितृ (1/35)
द्वितीय इकाई – ऋग्वेद संहिता के निम्नलिखित सूक्त – नासदीय (10/129) , उषस् (1/48) वरुण (7/86) , सोम (8/48) , शुल्क यजुर्वेदीय शिवसंकल्प (अ– 34)(1–6)
तृतीय इकाई – निरूक्त (यास्क) – प्रथम अध्याय
चतुर्थ इकाई – वैदिक साहित्य का सामान्य इतिहास
पंचम इकाई – संहिता पाठ से पदपाठ

द्वितीय खण्ड – (व्याख्यात्मक भाग) 35 अंक

इस खण्ड के अन्तर्गत कुल पाँच प्रश्न शतप्रतिशत विकल्पों के साथ पूछे जायेंगे । इनमें से प्रत्येक का उत्तर लगभग 250 शब्दों में देना होगा । प्रत्येक प्रश्न के लिए 7 –7 अंक निर्धारित हैं । इनका पाठ्यक्रम के अनुसार विभाग निम्न प्रकार से होगा –
(क) ऋग्वेद एवं अथर्ववेद सूक्तों मे से किसी **एक** मन्त्र की **सप्रसंग व्याख्या** विकल्प के साथ पूछी जाएगी । **7 अंक**
(ख) ऋग्वेद के सूक्तों में से किसी **एक** मन्त्र की **सप्रसंग संस्कृत** भाषा मे व्याख्या विकल्प के साथ पूछी जायेगी । **7 अंक**
(ग) निरुक्त के (प्रथम अध्याय) से दो अंशो की सामान्य व्याख्या विकल्प के साथ पूछी जाएगी । **7 अंक**
(ध) वैदिक साहित्य पर आधारित सामान्य व परिचयात्मक प्रश्न विकल्प के साथ पूछा जायेगा । **7 अंक**

(ड.) पाठ्यक्रम में निर्धारित ऋग्वेद के सूक्तों में से किसी एक मन्त्र का पदपाठ पूछा जायेगा ।

7 अंक

तृतीय खण्ड – (निबन्धात्मक भाग) 30 अंक

इस खण्ड के अन्तर्गत कुल दो प्रश्न (विकल्पों के साथ) पूछे जायेंगे । इनमे से प्रत्येक का उत्तर लगभग 400 शब्दों में देना होगा । इनके लिए 15 –15 अंक निर्धारित हैं ।

उक्त खण्ड के प्रथम प्रश्न के अन्तर्गत निम्नलिखित बिन्दु आधार होंगें । **15 अंक**

1. ऋग्वेद का रचनाकाल, ऋग्वेद के पाठ्यक्रम मे निर्धारित सूक्तो के देवताओं का चरित्र (स्वरूप

   ऋग्वेद का धर्म और दर्शन तथा ऋग्वेद की भाषा की सामान्य विशेषताएँ ।

2. द्वितीय प्रश्न :– निम्नलिखित बिन्दुओं में से किसी एक पर आधारित होगा । **15 अंक**

निरुक्त का सामान्य परिचय , निरुक्त में निर्वचन से सम्बन्धित कोई तीन शब्द विकल्प सहित पूछे जायेगें ।

वैदिक साहित्य का सामान्य परिचय ।

सहायक पुस्तके :–

1. ऋग्भाष्य संग्रह – डॉ. आर . चानना
2. द न्यू वैदिक सलेक्शन्स – एस.के. तैंलग एव ंबी.बी.चौबे
3. वैदिक व्याकरण – ए.ए.मैक्डानल अनु 0 डा. सत्यव्रत शास्त्री
4. वैदिक व्याकरण भाग – 1,2 – डॉ. राम गोपाल
5. वैदिक साहित्य और संस्कृति – पं. बलदेब उपाध्याय
6. वैदिक साहित्य की रूपरेखा – एस.एन.पाण्डेय एवं आर.बी.जोशी
7. वैदिक देवशास्त्र – ए.ए. मेक्डालन –अनु 0 सूर्यकान्त
8. वैदिक साहित्य – रामगोविन्द त्रिवेदी
9. लेक्चर्य ऑन द ऋग्वेद – घाटे

एम.ए. सेमेस्टर I (संस्कृत) 2010–2011
प्रश्न पत्र कूट संख्या 102
प्रश्न पत्र – II सांख्य दर्शन

पाठ्यक्रम – **75 अंक**

1.सांख्यकारिका ईश्वरकृष्णकृत
सम्पूर्ण पाठ्यक्रम तीन खण्डो तथा पाँच प्रश्नपत्र इकाइयों मे विभाजित किया गया है । इसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है ।

पाठ्यक्रम का विस्तृत विवरण

प्रथम इकाई – सांख्यकारिका की 1 से 16कारिकाएँ
द्वितीय इकाई – सांख्यकारिका की 17 से 35 कारिकाएँ
तृतीय इकाई – सांख्यकारिका की 36 से 53 कारिकाएँ
चतुर्थ इकाई – सांख्यकारिका की 54 से 72 कारिकाएँ
पंचम इकाई – ईश्वरकृष्ण का व्यक्तित्व एवं कृतित्व तथा सांख्यदर्शन का सामान्य परिचय , प्रतिपाद्य एवं महत्त्व

प्रथमखण्ड (वस्तुनिष्ठात्मक भाग) **10 अंक**

इस खण्ड के अन्तर्गत विकल्परहित वस्तुनिष्ठात्मक दस प्रश्न पूछे जाएंगे। ये सम्पूर्ण पाठयक्रम पर आधारित होगे तथा समस्त इकाइयों से समान रूप से सम्बद्ध होगें ।

द्वितीय खण्ड (व्याख्यात्मक भाग) **35 अंक**

इस खण्ड के अन्तर्गत कुल पॉच प्रश्न (व्याख्याएं) शत प्रतिशत विकल्पों के साथ पूछे जाएंगे। इनमें से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 250 शब्दो मे देना होगा । प्रत्येक प्रश्न के लिए 7–7 अंक निर्धारित है । इनका पाठ्यक्रम के अनुसार विभाजन निम्न प्रकार से है ।

(क) सांख्यकारिका की 1 से 16कारिकाओं में से किसी एक कारिका की सप्रसंग व्याख्या विकल्प के साथ पूछी जायेगी । **7 अंक**
(ख) सांख्यकारिका की 17 से 35 कारिका में से किसी एक कारिका की सप्रसंग **व्याख्या** विकल्प के साथ पूछी जायेगी **7 अंक**
(ग) सांख्यकारिका की 36 से 53 कारिका में से किसी एक कारिका की सप्रसंग **व्याख्या** विकल्प के साथ पूछी जायेगी **7 अंक**
(घ) सांख्यकारिका की 54 से 72 कारिका में से किसी एक कारिका की सप्रसंग **संस्कृत व्याख्या** विकल्प के साथ पूछी जायेगी **7 अंक**
(ड.) सांख्य दर्शन परिचय एवं कारिकाकार के व्यक्तित्व –कृतित्व सम्बन्धी एक प्रश्न विकल्प सहित पूछाजायेगा **7 अंक**

तृतीय खण्ड **(निबन्धात्मक भाग)**

30 अंक

इस खण्ड के अन्तर्गत कुल दो प्रश्न विकल्पों के साथ पूछे जायेगे इनमें से प्रत्येक का उत्तर लगभग 400 शब्दों में देना होगा । इनके लिए 15–15 अंक निर्धारित है ।

उक्त खण्ड के प्रथम एवं द्वितीय प्रश्नों के अन्तर्गत निम्नबिन्दु आधार स्वरूप होगे – **15 अंक**
सांख्य दर्शन परिचय एवं प्रतिपाद्य, त्रिविध दुःख , त्रिविध प्रमाण , प्रत्यक्ष के बाधक , सत्कार्यवाद ,सृष्टि –प्रक्रिया , व्यक्त , अव्यक्त व ज्ञ का स्वरूप , त्रिगुण विवेचन , प्रकृति स्वरूप व सिद्धि , पुरूष की सिद्धि , पुरूष बहुत्व की सिद्धि ,ईश्वरकृष्ण व्यक्तित्व एवं कृतित्व **15 अंक**

सहायक पुस्तके :–

(1) सांख्यकारिका – ईश्वर कृष्ण

(2) सांख्यकारिका – व्या. डॉ 0 आद्याप्रसाद मिश्र

(3) सांख्यकारिका – व्या. डॉ 0 ब्रजमोहन चतुर्वेदी

(4) सांख्यकारिका – व्या. 0 गजानन शास्त्री मुसलगॉवकर

(5) भारतीय दर्शन – बलदेव उपाध्याय

(6) भारतीय दर्शन – दत्ता एण्ड चटर्जी

(7) भारतीय दर्शन – डॉ 0 उमेश मिश्र

(8) भारतीय दर्शन – डॉ 0 पारसनाथ द्विवेदी

एम.ए. सेमेस्टर I (संस्कृत) 2010–2011
प्रश्न पत्र कूट संख्या 103
प्रश्न पत्र – III वेदान्त –दर्शन

पाठ्यक्रम –

(1) वेदान्तसार (सदानन्द) **75 अंक**

सम्पूर्ण पाठ्यक्रम तीन खण्डो पाँच इकाइयों में विभाजित किया गया है । इसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है–

पाठ्यक्रम का विस्तृत विवरण

प्रथमखण्ड (वस्तुनिष्ठात्मक भाग)

द्वितीय खण्ड

प्रथम इकाई – अखण्डं सच्चिदानन्द से सल्लक्ष्यमिति चोच्यते तक ।
द्वितीय इकाई – अस्याज्ञानस्यावरण विक्षेप नामकं शक्ति द्वयम् से लेकर अध्यारोपः तक ।
तृतीय इकाई – अपवादो नाम से स्वप्रभया तदपि भासयतीति इति ।
चतुर्थ इकाई – एवं भूतस्वरूप चैतन्य साक्षात्कार पर्यन्त से अन्त तक ।
पंचम इकाई – सदानन्द का व्यक्तित्व एवं कृतित्व तथा वेदान्तसार का परिचय एवं महत्त्व ।

प्रश्नपत्र का विस्तृत अंक विभाजन – **10 अंक**

इस खण्ड के अन्तर्गत विकल्परहित वस्तुनिष्ठात्मक दस प्रश्न पूछे जाएंगे। ये सम्पूर्ण पाठयक्रम पर आधारित होगे तथा समस्त इकाइयों से समान रूप से सम्बद्ध होगें ।

द्वितीय खण्ड (व्याख्यात्मक भाग)

इस खण्ड के अन्तर्गत कुल पॉच प्रश्न (व्याख्याएं) शत प्रतिशत विकल्पों के साथ पूछे जाएंगे। इनमें से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 250 शब्दो मे देना होगा । प्रत्येक प्रश्न के लिए 7–7 अंक निर्धारित है । इनका पाठ्यक्रम के अनुसार विभाजन निम्न प्रकार से है । **35 अंक**

(क) अखण्डं सच्चिदानन्द से सल्लक्ष्यमिति चोच्यते तक मे से दो अंश देकर एक का उत्तर पूछा जायेगा । **7 अंक**

(ख) अस्याज्ञानस्यावरण विक्षेप नामकं शक्ति द्वयम् से लेकर अध्यारोपः तक में से दो अंश देकर एक का उत्तर पूछा जायेगा **7 अंक**

(ग) अपवादो नाम से स्वप्रभया तदपि भासयतीति इति मे से दो अंश देकर एक का उत्तर पूछा जायेगा । **7 अंक**

(घ) एवं भूतस्वरूप चैतन्य साक्षातकार पर्यन्त से अन्त तक मे से दो अंश देकर एक का उत्तर संस्कृत में पूछा जायेगा । **7 अंक**

(ड.) सदानन्द का व्यक्तित्व एवं कृतित्व तथा वेदान्तसार का परिचय एवं महत्त्व मे से दो प्रश्न देकर एक का उत्तर पूछा जायेगा **7 अंक**

तृतीय खण्ड (निबन्धात्मक भाग) **30 अंक**

इस खण्ड के अन्तर्गत कुल दो प्रश्न विकल्पों के साथ पूछे जायेगे इनमें से प्रत्येक का उत्तर लगभग 400 शब्दों में देना होगा । इनके लिए 15–15 अंक निर्धारित है ।

(1) उक्त खण्ड के प्रथम व द्वितीय प्रश्न के अन्तर्गत निम्नबिन्दु आधार स्वरूप होंगे – **15 अंक**
अनुबन्ध चतुष्टम , अज्ञान का स्वरूप, अज्ञान के भेद(समष्टि एवं व्यष्टि अज्ञान),अज्ञान की शक्तियाँ ,सूक्ष्म शरीर एवं स्थूल शरीर निरूपण ,पंचीकरण, आत्मा में आरोपित विभिन्न मत एवं उनका खण्डन

(2) उक्त खण्ड के द्वितीय प्रश्न के अन्तर्गत निम्नबिन्दु आधार स्वरूप होंगे – **15 अंक**
अपवाद निरूपण, तत्तवमसि ,अहं ब्रह्मास्मि समाधि के भेद एवं प्रभेद , मुक्ति

सहायक पुस्तके :–
(1) वेदान्तसार व्याख्या – डॉ0 बद्रीनाथ शुक्ल
(2) वेदान्तसार व्याख्या – डॉ0 सत्यनारायण श्रीवास्तव
(3) वेदान्तसार व्याख्या – डॉ0 राममूर्ति शर्मा
(4) वेदान्तसार व्याख्या – डॉ0दयानन्द भार्गव

एम.ए. सेमेस्टर I (संस्कृत) 2010–2011
प्रश्न पत्र कूट संख्या 104
प्रश्न पत्र – IV , नाटक एवं नाट्य –शास्त्र

पाठ्यक्रम

75 अंक

1. मुद्राराक्षसम् – विशाखदत्त
2. नाट्यशास्त्रम् (प्रथम एवं द्वितीय अध्याय) –भरतमुनि

सम्पूर्ण पाठ्यक्रम तीन खण्डों तथा पाँच इकाइयो मे विभाजित किया गया है । इसका विस्तृत विवरण निम्न लिखित है –

प्रथम खण्ड (वस्तुनिष्ठात्मक भाग) 10 अंक

इस खण्ड के अन्तर्गत ,विकल्प रहित वस्तुनिष्ठ दस प्रश्न पूछे जायेंगे । ये पाठ्यक्रम पर आधारित होंगे तथा सभी इकाइयों से समानरुप से पूछे जायेगे ।

पाठ्यक्रम की इकाइयाँ –

प्रथम इकाई – मुद्राराक्षसम् नाटक – प्रथम,द्वितीय,तथा तृतीय अंक ।
द्वितीय इकाई – मुद्राराक्षसम् नाटक – चतुर्थ से सप्तम अंक तक ।
तृतीय इकाई – मुद्राराक्षसम् पर आधारित प्रश्न
चतुर्थ इकाई – नाट्य शास्त्र (अध्याय 1)
पंचम इकाई – नाट्य शास्त्र (अध्याय 2)

द्वितीय खण्ड (व्याख्यात्मक भाग) 35 अंक

इस खण्ड के अन्तर्गत कुल पाँच प्रश्न (अर्थात् व्याख्याएँ) शत–प्रतिशत विकल्पो के साथ पूछे जायेग । इसमें से प्रत्येक का उत्तर 250 शब्दो में देना होगा प्रत्येक प्रश्न के लिए 7 –7 अंक निर्धारित है । इनका पाठ्यक्रम के अनुसार विभाजन निम्न प्रकार से होगा –

(क) मुद्राराक्षसम् के प्रथम एवं द्वितीय अंक मे से किसी एक श्लोक की सप्रसंग व्याख्या विकल्प के साथ पूछी जायेगी । **7 अंक**

(ख) मुद्राराक्षसम् के तृतीय,चतुर्थ ,पंचम अंक में से किसी एक श्लोक की सप्रसंग व्याख्या विकल्प के साथ पूछी जायेगी । **7 अंक**

(ग) मुद्राराक्षसम् पर आधारित विकल्प सहित एक प्रश्न–चाणक्य, चन्द्रगुप्त,राक्षस का चरित्र चित्रण , मुद्राराक्षसम् का कथानक, किसी अंक का वैशिष्ट्य, मुद्राराक्षसम् नाटक के नामकरण की सार्थकता । **7 अंक**

(ध) नाट्यशास्त्र के प्रथम अध्याय की कारिकाओं मे से किसी एक कारिका की व्याख्या विकल्प सहित पूछी जायेगी । **7 अंक**

(ड.) नाट्यशास्त्र के द्वितीय अध्याय की कारिकाओं मे से किसी एक कारिका की **संस्कृत व्याख्या** विकल्प सहित पूछी जायेगी । **7 अंक**

तृतीय खण्ड (निबंधात्मक भाग) **30 अंक**

इस खण्ड के अन्तर्गत कुल दो प्रश्न (विकल्पो के साथ) पूछे जायेगे इनमे से प्रत्येक का उत्तर लगभग 400 शब्दो मे देना होगा । इनके लिए 15–15 अंक निर्धारित है ।

(1) उक्त खण्ड के प्रथम प्रश्न के अन्तर्गत निम्नलिखित बिन्दु आधारस्वरूप होगे – **15 अंक**

विशााखदत्त का व्यक्तित्व एवं कृतित्व, मुद्राराक्षसम् की नाटकीय विशेषताएं , विशाखदत्त का नाट्य–कौशल, कथावस्तु योजना की दृष्टि से मुद्राराक्षस नाटक का समीक्षात्मक मूल्यांकन मुद्राराक्षसम् में वर्णित राजनीति /कूटनीति

(2) द्वितीय प्रश्न –निम्नलिखित बिन्दुओं मे से किसी एक पर आधारित होगा – **15 अंक**
नाट्यशास्त्र मे विवेचित नाट्योत्पत्ति , प्रेक्षागृह मत्तवारणी , नाट्य –प्रयोजन , रंगशीर्ष , नाट्यवृत्तियाँ , अध्यायों का सार ।

सहायक पुस्तकें –

(1) नाट्यशास्त्र – सम्पा . एवं व्याख्या – श्री बाबू लाल शुक्ल काशी हिन्दू वि. वि. वाराणासी
(2) भरत और भारतीय नाट्यकला – डॉ .अयोध्याप्रसाद सिंह
(3) मुद्राराक्षसम् – विशाखदत्त
(4) संस्कृत साहित्य का इतिहास – डॉ . बलदेव उपाध्याय

एम.ए. सेमेस्टर I(संस्कृत) 2010–2011
प्रश्न पत्र कूट संख्या 105
प्रश्न पत्र – V , व्याकरण एवं अनुवाद

पाठ्यक्रम – **75 अंक**

1. लघुसिद्धान्त कौमुदी (तद्धित प्रकरण –शैषिक पर्यन्त)
2. कारक प्रकरण (सिद्धान्त–कौमुदी का)
3. अनुवाद (हिन्दी से संस्कृत में)

सम्पूर्ण पाठ्यक्रम तीन खण्डो तथा पाँच इकाईयों में विभाजित किया गया है । इसका विस्तृत विवरण निम्न लिखित है –

पाठ्यक्रम की इकाईयॉ –

प्रथम इकाई – इसके अन्तर्गत निम्न लिखित प्रत्ययों का अध्ययन आवश्यक है –
साधारण तद्धित प्रत्यय, अपत्यार्थ तद्धित प्रत्यय, रक्ताऽऽद्यर्थक तद्धित प्रत्यय,।
द्वितीय इकाई – चातुरार्थिक तद्धित प्रत्यय और शैषिक तद्धित प्रत्यय
तृतीय इकाई – प्रथमा विभक्ति से चतुर्थी पर्यन्त
चतुर्थ इकाई – पंचमी विभक्ति से सप्तमी पर्यन्त
पंचम इकाई – हिन्दी से संस्कृत मे अनुवाद

प्रथम खण्ड (वस्तुनिष्ठात्मक भाग) **10 अंक**
इस खण्ड के अन्तर्गत ,विकल्प रहित वस्तुनिष्ठ कुल दस प्रश्न पूछे जायेंगे । ये पाठ्यक्रम पर आधारित होंगे तथा सभी इकाइयो से समानरूप से सम्बद्ध होंगे ।

द्वितीय खण्ड – (व्याख्यात्मक भाग) **35 अंक**

इस खण्ड के अन्तर्गत कुल पाँच प्रश्न शतप्रतिशत विकल्प के साथ पूछे जायेंगे । इनमे से प्रत्येक का उत्तर लगभग 250 शब्दों मे देना होगा । प्रत्येक प्रश्न के लिए 7–7 अंक निर्धारित है । इनका पाठ्यक्रम के अनुसार विभाग निम्न प्रकार होगा –

(क) तद्धित प्रकरण (लघुसिद्धान्त कौमुदी –प्रारम्भ से रक्ताऽऽद्यर्थक पर्यन्त) से चार शब्द देकर सूत्र निर्देश पूर्वक दो की सिद्धि पूछी जाएगी । **7 अंक**

(ख) तद्धित प्रकरण (लघुसिद्धान्त कौमुदी –चातुरर्थिक से शैषिक पर्यन्त) से **चार** शब्द देकर सूत्र निर्देश पूर्वक **दो** की सिद्धि पूछी जायेगी । **7 अंक**

(ग) कारक प्रकरण (सिद्धान्त कौमुदी –प्रथमा विभक्ति से चतुर्थी विभक्ति तक) से चार सूत्र अथवा वार्तिक देकर दो की व्याख्या पूछी जाएगी । **7 अंक**

(ध) कारक प्रकरण (सिद्धान्त कौमुदी –पंचमी विभक्ति से सप्तमी विभक्ति पर्यन्त)से चार सूत्र अथवा वार्तिक देकर दो सूत्रो की व्याख्या पूछी जाएगी । **7 अंक**

(ड.) हिन्दी भाषा मे विकल्पसहित एक (लगभग सात वाक्यों वाला) अवतरण संस्कृत भाषा मे अनुवाद करने के लिये दिया जायेगा । **7 अंक**

तृतीय खण्ड – (निबन्धात्मक भाग) **30 अंक**

इस खण्ड के अन्तर्गत कुल दो प्रश्न (विकल्पों के साथ) पूछे जायेंगे । इनमे से प्रत्येक प्रश्न 15 –15 अंक वाले है ।

(1.) तद्धित सूत्र (शैषिक पर्यन्त) व्याख्या कोई **पाँच** विकल्प सहित पूछी जायेगी **15 अंक**

(2.) कारक सूत्रों अथवा वार्तिकों की व्याख्या कोई **पाँच** विकल्प सहित पूछी जायेगी **15 अंक**

सहायक पुस्तके :–

1. कारक –प्रकरण – व्याख्या श्री धरानन्द शास्त्री
2. कारक प्रबोध – डॉ .शक्ति कुमार शर्मा
3. लघुसिद्धान्त कौमुदी – व्याख्या श्री महेश सिंह कुशवाहा
4. लघुसिद्धान्त कौमुदी – श्री धरानन्द शास्त्री
5. संस्कृत व्याकरण – अर्कनाथ चौधरी
6. प्रौढ़ रचनानुवाद कौमुदी – कपिल देव द्विवेदी
7. वृहद्नुवाद चन्द्रिका – चक्रधर नौटियाल हंस
8. सिद्धान्त कौमुदी – द्वितीय भाग , पं. बालकृष्ण व्यास

एम.ए. सेमेस्टर II (संस्कृत) 2010–2011
प्रश्न पत्र कूट संख्या 201
प्रश्न पत्र – I उपनिषद् साहित्य

पाठ्यक्रम – **75 अंक**

1.वृहदारण्यकोपनिषद् – तृतीय अध्याय मात्र

2.ईशावास्योपनिषद् – सम्पूर्ण

3.उपनिषदों का प्रतिपाद्य – इसके अन्तर्गत उपनिषदों का सामान्य परिचय एवं प्रतिपाद्य विषय ।

सम्पूर्ण पाठ्यक्रम पॉच इकाइयों में तथा प्रश्नपत्र तीन खण्डो में विभाजित किया गया है । इसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है–

पाठ्यक्रम की इकाइयॉ –

प्रथम इकाई – वृहदारण्यकोनिषद् , तृतीय अध्याय के प्रथम चार ब्राह्मण
द्वितीय इकाई – वृहदारण्यकोनिषद् , तृतीय अध्याय के पाँचवे से नवम् ब्राह्मण पर्यन्त
तृतीय इकाई – ईशावास्योपनिषद् , प्रथम से दश मन्त्र
चतुर्थ इकाई – ईशावास्योपनिषद् ग्यारह से समाप्ति पर्यन्त
पंचम इकाई – उपनिषदों के प्रतिपाद्य का समान्य परिचय एवं महत्त्व

प्रश्नपत्र का विस्तृत अंक विभाजन –

प्रथमखण्ड (वस्तुनिष्ठात्मक भाग) **10 अंक**

इस खण्ड के अन्तर्गत विकल्परहित वस्तुनिष्ठात्मक दस प्रश्न पूछे जाएंगे। ये सम्पूर्ण पाठयक्रम पर आधारित होगे तथा समस्त इकाइयों से समान रूप से सम्बद्ध होगें :–

द्वितीय खण्ड ' ब ' (व्याख्यात्मक भाग) **35 अंक**

इस खण्ड के अन्तर्गत कुल पॉच प्रश्न (व्याख्याएं) शत प्रतिशत विकल्पों के साथ पूछे जाएंगे। इनमें से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 250 शब्दो मे देना होगा । प्रत्येक प्रश्न के लिए 7–7 अंक निर्धारित है । इनका पाठ्यक्रम के अनुसार विभाजन निम्न प्रकार से है ।

(क) वृहदारण्यकोनिषद् के तृतीय अध्याय के प्रथम चार ब्राह्मणों में से एक व्याख्या विकल्प के साथ पूछी जायेगी । **7 अंक**

(ख) वृहदारण्यकोनिषद् के तृतीय अध्याय के पाँच से नवम ब्राहमणों के सम्वादों से सम्बन्ध एक प्रश्न विकल्प के साथ पूछा जायगा । **7अंक**

(ग) ईशावास्योपनिषद् के प्रथम दश मन्त्रों में से एक मन्त्र की विकल्प सहित सप्रसंग व्याख्या विकल्प के साथ पूछी जायेगी । **7 अंक**

(घ) ईशावास्योपनिषद् के 11 से 18 मन्त्रों में से विकल्प सहित एक मन्त्र की **संस्कृत व्याख्या** पूछी जायेगी **7 अंक**

(ड.) उपनिषदों के प्रतिपाद्य का सामान्य परिचय विषयक एक प्रश्न विकल्प सहित पूछा जायेगा । **7 अंक**

तृतीय खण्ड (निबन्धात्मक भाग) **30 अंक**

इस खण्ड के अन्तर्गत कुल दो प्रश्न विकल्पों के साथ पूछे जायेगे इनमें से प्रत्येक का उत्तर लगभग 400 शब्दों में देना होगा । इनके लिए 15–15 अंक निर्धारित है ।

(1) उक्त खण्ड के प्रथम प्रश्न के अन्तर्गत निम्नबिन्दु आधार स्वरूप होंगे – **15 अंक**
उक्त खण्ड के अन्तर्गत वृहदारण्यकोनिषद् के तृतीय अध्याय के निर्धारित पाठ्यक्रम से सम्बद्ध विषयों पर आधारित दो प्रश्न देकर एक का उत्तर पूछा जायेगा ।

(2) उक्त खण्ड के द्वितीय प्रश्न के अन्तर्गत निम्नबिन्दु आधार स्वरूप होंगे – **15 अंक**
उक्त खण्ड के अन्तर्गत ईशावास्योपनिषद् की विषयवस्तु से सम्बन्धित विकल्प सहित एक प्रश्न पूछा जायेगा ।

सहायक पुस्तके :–

(1) वृहदारण्यकोनिषद् – गीतप्रेस गोरखपुर
(2) ईशावास्योपनिषद् – गीतप्रेस गोरखपुर
(3) भारतीय दर्शन –उमेश मिश्र
(4) मीमांसा दर्शन , प्रथम व द्वितीय भाग – डा0 राधाकृष्णन
(5) भारतीय दर्शन – सम्पा . डा 0 एन . के . देवराज

एम.ए. सेमेस्टर II (संस्कृत) 2010–2011
प्रश्न पत्र कूट संख्या –202
प्रश्न–पत्र II – न्यायदर्शन

पाठ्यक्रम – **75 अंक**

तर्कभाषा (केशवमिश्रकृत) प्रामाण्यवाद तक

सम्पूर्ण पाठ्यक्रम तीन खण्डो पॉंच इकाइयों में विभाजित किया गया है । इसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है–

पाठ्यक्रम का विस्तृत विवरण

प्रथमखण्ड (वस्तुनिष्ठात्मक भाग) **10 अंक**
इस खण्ड के अन्तर्गत विकल्परहित वस्तुनिष्ठात्मक दस प्रश्न पूछे जाएंगे। ये सम्पूर्ण पाठयक्रम पर आधारित होगे तथा समस्त इकाइयों से समान रूप से सम्बद्ध होगें :–

द्वितीय खण्ड

प्रथम इकाई – उपोद्धात से अयुतसिद्ध निरूपण तक ।
द्वितीय इकाई – समवायिकारण से प्रत्यक्ष विषयक बौद्धमत का निराकरण पर्यन्त
तृतीय इकाई – अनुमान प्रमाण –हेत्वाभास सहित
चतुर्थ इकाई – उपमान प्रमाण से अभाव प्रमाण खण्डन पर्यन्त ।
पंचम इकाई – प्रामाण्यवाद

प्रश्नपत्र का विस्तृत अंक विभाजन –
द्वितीय खण्ड (व्याख्यात्मक भाग) **35 अंक**

इस खण्ड के अन्तर्गत कुल पॉच प्रश्न (व्याख्याएं) शत प्रतिशत विकल्पों के साथ पूछे जाएंगे। इनमें से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 250 शब्दो मे देना होगा । प्रत्येक प्रश्न के लिए 7–7 अंक निर्धारित है । इनका पाठ्यक्रम के अनुसार विभाजन निम्न प्रकार से है ।

(क) तर्कभाषा के उपोद्धात से अयुतसिद्ध निरूपण तक में से दो व्याख्याए या अंश देकर एक की व्याख्या पूछी जायेगी । **7 अंक**

(ख) समवायिकारण से प्रत्यक्ष विषयक बौद्धमत का निराकरण तक में से दो व्याख्याए या अंश देकर एक की याख्या पूछी जायेगी । **7 अंक**

(ग) अनुमान प्रमाण –हेत्वाभास सहित में से दो व्याख्याए या अंश देकर एक की व्याख्या पूछी जायेगी । **7 अंक**

(घ) उपमान प्रमाण से अभाव प्रमाण खण्डन पर्यन्त से दो व्याख्याए या अंश देकर एक की व्याख्या पूछी जायेगी । **7 अंक**

(ड.) प्रामाण्यवाद में से दो व्याख्याए या अंश देकर एक की **संस्कृत व्याख्या** पूछी जायेगी । **7 अंक**

तृतीय खण्ड (निबन्धात्मक भाग) **30 अंक**

इस खण्ड के अन्तर्गत कुल दो प्रश्न विकल्पों के साथ पूछे जायेगे इनमें से प्रत्येक का उत्तर लगभग 400 शब्दों में देना होगा । इनके लिए 15–15 अंक निर्धारित है ।

(1) उक्त खण्ड के प्रथम प्रश्न के अन्तर्गत निम्नबिन्दु आधार स्वरूप होंगे – **15 अंक**
प्रमाण लक्षण ,कारण स्वरूप ,कारण भेद , प्रत्यक्ष प्रमाण , षोडा–सन्निकर्ष ,अनुमान प्रमाण एवं हेत्वाभास

(2) उक्त खण्ड के द्वितीय प्रश्न के अन्तर्गत निम्नबिन्दु आधार स्वरूप होंगे – **15 अंक**
उपमान प्रमाण ,शब्द प्रमाण , अर्थापत्ति प्रमाण का खण्डन , अभाव प्रमाण का खण्डन ,मीमांसक सम्मत प्रामाण्य एवं उसका खण्डन ,न्याय का प्रामाण्यवाद, केशवमिश्र एवं उनकी तर्कभाषा का परिचय एवं महत्त्व

सहायक पुस्तके :–

(1) तर्कभाषा –व्याख्या बद्रीनाथ शुक्ल
(2) तर्कभाषा व्याख्या – आचार्य विश्वेश्वर सिद्धान्त ' शिरोमणि '
(3) न्याय प्रमाण परिकमा –डा अभेदानन्द
(4) भारतीय दर्शन – दत्ता एवं चटर्जी
(5) भारतीय दर्शन – प्रो0 हरेन्द्र प्रसाद सिन्हा
(6) भारतीय दर्शन – डॉ0 एन.के.देवराज
(7) भारतीय दर्शन – डॉ0 उमेश मिश्र
(8) न्याय–वैशेषिक–दर्शन का इतिहास –धर्मेन्द्र –नाथ शास्त्री

एम.ए. सेमेस्टर II (संस्कृत) 2010–2011
प्रश्न पत्र कूट संख्या –203
प्रश्न–पत्र III – काव्य एवं साहित्य –शास्त्र

पाठ्यक्रम **पूर्णांक 75**

1. मेघदूतम् – कालिदास

2. साहित्यदर्पण –विश्वनाथ –(प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय परिच्छेद की 1–29 कारिकापर्यन्त)

सम्पूर्ण पाठ्यक्रम तीन खण्डों तथा पाँच इकाइयों में विभाजित किया गया है । इसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है –

प्रथम इकाई – मेघदूतम् (पूर्वमेघ)
द्वितीय इकाई – मेघदूतम् (उत्तरमेघ)
तृतीय इकाई – मेघदूतम् पर आधारित प्रश्न–पूर्वमेघ एवं उत्तरमेघ का सार, मेघ–मार्ग का वर्णन, यक्षिणी की विरह–अवस्था का चित्रण, प्रकृति –चित्रण , मेघदूत का काव्य सौन्दर्य/वै ाष्ट्य
चतुर्थ इकाई – साहित्यदर्पण (प्रथम एवं द्वितीय परिच्छेद)
पंचम इकाई – साहित्यदर्पण (तृतीय परिच्छेद 1–29 कारिका पर्यन्त)

प्रथम खण्ड (वस्तुनिष्ठात्मक भाग) **10 अंक**

इस खण्ड के अन्तर्गत विकल्परहित वस्तुनिष्ठ दस प्रश्न पूछे जायेंगे । ये पाठ्यक्रम पर आधारित होगें तथा सभी इकाइयो से समान भाव से पूछे जायेगे ।

द्वितीय खण्ड (व्याख्यात्मक भाग एवं प्रश्न) **35 अंक**

इस खण्ड के अन्तर्गत कुल पाँच प्रश्न पूछे जायेगे जिनके शत–प्रतिशत विकल्प होगे। इनमे से प्रत्येक का उत्तर 250 शब्दो मे देना होगा । प्रत्येक प्रश्न के लिए 7– 7 अंक निर्धारित हैं इनका पाठ्यक्रम के अनुसार विभाजन निम्न प्रकार से होगा –

(क) मेघदूतम् (पूर्वमेघ) के श्लोकों में से किसी एक श्लोक की सप्रसंग व्याख्या विकल्प के साथ पूछी जायेगी । 7 अंक
(ख) मेघदूतम् (उत्तरमेघ) के श्लोकों में से किसी एक श्लोक की **<u>संस्कृत व्याख्या</u>** विकल्प के साथ पूछी जायेगी । 7 अंक
(ग) मेघदूतम् पर आधारित प्रश्न–पूर्वमेघ एवं उत्तरमेघ का सार, मेघमार्ग का वर्णन, यक्षिणी की विरह –अवस्था का चित्रण प्रकृति –चित्रण , मेघदूत का काव्य सौन्दर्य/वै ाष्ट्य आदि 7अंक
(ध) साहित्य –दर्पण के प्रथम एवं द्वितीय परिच्छेद में से किसी एक कारिका की सप्रसंग व्याख्या विकल्प सहित पूछी जायेगी । 7अंक
(ड.) साहित्यदर्पण के तृतीय परिच्छेद में से किसी एक कारिका की सप्रसंग व्याख्या विकल्प सहित पूछी जायेगी । 7अंक

तृतीय खण्ड (निबंधात्मक भाग) **30 अंक**

इस खण्ड के अन्तर्गत कुल दो प्रश्न (विकल्पों के साथ) पूछे जाएंगे । इनमें से प्रत्येक का उत्तर लगभग 400 शब्दों में देना होगा । इनके लिए 15–15 अंक निर्धारित है ।
उक्त खण्ड के प्रथम प्रश्न के अन्तर्गत निम्नलिखित बिन्दु आधार स्वरूप होगे – **15 अंक**
(1) मेघदूत के आलोक मे कालिदास की काव्य –कला की विशेषताएं, मेघदूत एक गीति काव्य है–इस कथन की पुष्टि,मेघदूत का प्रकृति–सौन्दर्य , मेघदूत में अलंकार योजना , **15 अंक**
मेघदूत मे मानवीकरण ,' मेघे माघे गतं वयः ' आदि सूक्तियों की समीक्षा
(2) साहित्य –दर्पण के निर्धारित पाठ्यक्रम की विषयवस्तु पर आधारित प्रश्न के अन्तर्गत निम्न बिन्दु होगें – काव्य लक्षण , काव्य प्रयोजन , शब्दशक्तियॉ – अभिधा ,लक्षणा , व्यंजना , रसस्वरूप ।

संदर्भ ग्रन्थ :–

(1) मेघदूतम्– कालिदास
(2) साहित्यदर्पण – पी.वी. काणे
(3) साहित्यदर्पण (विमलाटीका) –शालिग्राम शास्त्री
(4) महाकवि कालिदास – रमाशंकर तिवारी
(5) मेघदूत –एक अध्ययन –वासुदेवशरण अग्रवाल
(6) संस्कृत के संदेशकाव्य – रामकुमार आचार्य

एम.ए. सेमेस्टर II (संस्कृत) 2010–2011
प्रश्न पत्र कूट संख्या –204
चतुर्थ प्रश्न–पत्र –साहित्यशास्त्र के आचार्य एवं सम्प्रदाय

पाठ्यक्रम – साहित्यशास्त्र (आचार्य एवं सम्प्रदाय) 75 अंक

सम्पूर्ण पाठ्यक्रम तीन खण्डो पाँच इकाइयों में विभाजित किया गया है । इसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है–

पाठ्यकम की इकाइयाँ

प्रथम इकाई – रस–सम्प्रदाय ।
द्वितीय इकाई – अलंकार एवं रीति सम्प्रदाय ।
तृतीय इकाई – वक्रोक्ति सम्प्रदाय ।
चतुर्थ इकाई – औचित्य सम्प्रदाय ।
पंचम इकाई – ध्वनि–सम्प्रदाय

प्रश्नपत्र का विस्तृत अंक विभाजन –
प्रथम खण्ड (वस्तुनिष्ठात्मक भाग) 10 अंक
इस खण्ड के अन्तर्गत विकल्परहित वस्तुनिष्ठात्मक दस प्रश्न पूछे जाएंगे। ये सम्पूर्ण पाठयकम पर आधारित होगे तथा समस्त इकाइयों से समान रूप से सम्बद्ध होगें ।

द्वितीय खण्ड (व्याख्यात्मक भाग)

इस खण्ड के अन्तर्गत कुल पॅाच प्रश्न (व्याख्याएं) शत प्रतिशत विकल्पों के साथ पूछे जाएंगे। इनमें से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 250 शब्दो मे देना होगा । प्रत्येक प्रश्न के लिए 7–7 अंक निर्धारित है । इनका पाठ्यकम के अनुसार विभाजन निम्न प्रकार से है । **35 अंक**

(क) रस –सिद्धान्त तथा रसवादी आचार्यो से सम्बन्धित दो प्रश्न देकर एक का उत्तर पूछा जायेगा । **7 अंक**

(ख) अलंकार एवं रीति सम्प्रदाय एवं उनके आचार्यो से सम्बन्धित दो प्रश्न देकर एक का उत्तर संस्कृत में पूछा जायेगा । **7 अंक**

(ग) वक्रोक्ति सम्प्रदाय एवं उनके आचार्यो से सम्बन्धित दो प्रश्न देकर एक का उत्तर पूछा जायेगा । **7 अंक**

(घ) औचित्य सम्प्रदाय एवं उनके आचार्यो से सम्बन्धित दो प्रश्न देकर एक का उत्तर पूछा जायेगा । **7 अंक**

(ड.)ध्वनि–सम्प्रदाय एवं उनके आचार्यो से सम्बन्धित दो प्रश्न देकर एक का उत्तर पूछा जायेगा **7 अंक**

तृतीय खण्ड (निबन्धात्मक भाग) **30 अंक**

इस खण्ड के अन्तर्गत कुल दो प्रश्न विकल्पों के साथ पूछे जायेगे इनमें से प्रत्येक का उत्तर लगभग 400 शब्दों में देना होगा । इनके लिए 15–15 अंक निर्धारित है ।

(1) उक्त खण्ड के प्रथम प्रश्न के अन्तर्गत निम्नबिन्दु आधार स्वरूप होंगे – **15 अंक**
भरत मुनि का रस–सूत्र एवं भट्टलोल्लट, शंकुक, भट्टनायक तथा अभिनवगुप्त का सिद्धान्त । विभिन्न आचार्यों की अलंकार की परिभाषायें तथा काव्य में उनका महत्व एवं रीतियों की संख्या ।

(2) उक्त खण्ड के द्वितीय प्रश्न के अन्तर्गत निम्नबिन्दु आधार स्वरूप होंगे – **15 अंक**
वक्रोक्ति की परिभाषा तथा वक्रता के भेद–प्रभेद, काव्य की आत्मा औचित्य ,ध्वनि–विरोधी मत आदि से सम्बन्धित

सहायक पुस्तके :–

(1) अलंकारशास्त्र का इतिहास – डॉ0 कृष्ण कुमार
(2) भारतीय साहित्यशास्त्र –जी0टी0देशपाण्डे
(3) भारतीय साहित्यशास्त्र– भाग–1–2–पं0 बलदेव उपाध्याय

एम.ए. सेमेस्टर II (संस्कृत) 2010–2011
प्रश्न पत्र कूट संख्या –205
चतुर्थ प्रश्न–पत्र V – भाषा विज्ञान, व्याकरण एवं अनुवाद

पाठ्यक्रम – **75 अंक**

1.भाषा विज्ञान

2.लघु सिद्धान्त कौमुदी का समास प्रकरण

3.अनुवाद (हिन्दी से संस्कृत में)

सम्पूर्ण पाठ्यक्रम पॉच इकाइयों में तथा प्रश्नपत्र तीन खण्डो में विभाजित किया गया है । इसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है–

पाठ्यक्रम की इकाईयाँ –

प्रथम इकाई – भाषा विज्ञान इसके अन्तर्गत निम्नलिखित विषयों का अध्ययन आवश्यक है भाषा विज्ञान का स्वरूप, विषय वस्तु / क्षेत्र , विभिन्न पद्धतियाँ ,भाषा की परिभाषा ,भाषा की विशेषताएँ , भाषाओं का वर्गीकरण (आकृति मूलक एवं /पारिवारिक आनुवांशिका

द्वितीय इकाई – इसके अन्तर्गत अधोलिखित विषयों का अध्ययन आवश्यक है उच्चारण संस्थान, ध्वनियों का वर्गीकरण , ध्वनि परिवर्तन के कारण , ध्वनिनियम का स्वरूप , ग्रिम , ग्रासमान एवं बर्नर के ध्वनि नियम , आर्य भाषाओं के विकास का संक्षिप्त इतिहास (वैदिक संस्कृत , लौकिक संस्कृत , प्राकृत पाली तथा अपभ्रंश के विशेष, सन्दर्भ में वैदिक लौकिक संस्कृत में अन्तर, वैदिक, लौकिक और प्राकृत भाषा की विशेषातएँ ।

तृतीय इकाई – लघुसिद्धान्त कौमुदी के समास प्रकरण के अन्तर्गत केवल समास, अव्ययीभाव और तत्पुरूष समास

चतुर्थ इकाई – लघुसिद्धान्त कौमदी के समास प्रकरण के अन्तर्गत बहुव्रीहिसमास और द्वन्द्वसमास

पंचम इकाई – अनुवाद (हिन्दी से संस्कृत में)

प्रश्नपत्र का विस्तृत अंक विभाजन – **10 अंक**

प्रथमखण्ड (वस्तुनिष्ठात्मक भाग)

इस खण्ड के अन्तर्गत विकल्परहित वस्तुनिष्ठात्मक दस प्रश्न पूछे जाएंगे। ये सम्पूर्ण पाठयक्रम पर आधारित होगे तथा समस्त इकाइयों से समान रूप से सम्बद्ध होगें ।

द्वितीय खण्ड (व्याख्यात्मक भाग) **35 अंक**

इस खण्ड के अन्तर्गत कुल पॉच प्रश्न (व्याख्याएं) शत प्रतिशत विकल्पों के साथ पूछे जाएंगे। इनमें से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 250 शब्दो मे देना होगा । प्रत्येक प्रश्न के लिए –– 7 अंक निर्धारित है। इनका पाठ्यक्रम के अनुसार विभाजन निम्न प्रकार से है ।

(क) भाषा विज्ञान के निर्धारित पाठ्यक्रम में से एक प्रश्न विकल्प के साथ पूछा जायेगा । **7 अंक**

(ख) भाषा विज्ञान के निर्धारित पाठ्यक्रम में से एक प्रश्न विकल्प के साथ पूछा जायेगा **7 अंक**

(ग) समास प्रकरण के निर्धारित पाठ्यक्रम से किन्ही चार समस्त पदों को देकर सूत्र निर्देशकपूर्वक दो की सिद्धी पूछी जायेगी । **7 अंक**

(घ) समास प्रकरण के निर्धारित पाठ्यक्रम से किन्ही चार समस्त पदों को देकर सूत्र निर्देशकपूर्वक दो की सिद्धी पूछी जायेगी । **7 अंक**

(ड.) हिन्दी भाषा में विकल्प सहित एक (लगभग दस वाक्यों वाला) अवतरण संस्कृत भाषा में अनुवाद करने के लिये दिया जायेगा । **7 अंक**

तृतीय खण्ड (निबन्धात्मक भाग) **30 अंक**

इस खण्ड के अन्तर्गत कुल दो प्रश्न विकल्पों के साथ पूछे जायेगे इनमें से प्रत्येक का उत्तर लगभग 400 शब्दों में देना होगा । इनके लिए 15–15 अंक निर्धारित है ।

(1) उक्त खण्ड के प्रथम प्रश्न के अन्तर्गत भाषा विज्ञान के विषय होंगे – **15 अंक**

(2) उक्त खण्ड के द्वितीय प्रश्न के अन्तर्गत लघुसिद्धान्त कौमुदी के समास प्रकरण से आठ सूत्र देकर चार की उदाहरण सहित व्याख्या पूछी जायेगी **15 अंक**

सहायक पुस्तके :–

(1) भाषा विज्ञान की भूमिका – देवेन्द्रनाथ शर्मा
(2) भाषा विज्ञान –डॉ कर्ण सिंह
(3) भाषा विज्ञान – भोलानाथ तिवारी
(4) भाषा विज्ञान – मंगलदेव शास्त्री
(5) भाषा विज्ञानस्य रुपरेखा– पं0 गिरिधर लाल शास्त्री
(6) संस्कृत व्याकरण – डॉ0 प्रीतिप्रभा गोयल
(7) प्रौढ़ रचनानुवाद – कपिल देव द्विवेदी

एम.ए. सेमेस्टर III (संस्कृत) 2011–2012
प्रश्न पत्र कूट संख्या –301
प्रश्न–पत्र I – (अनिवार्य) गद्य, काव्य एवं पुराण

पाठ्यक्रम – **पूर्णाक 75**

शिवराजविजय (प्रथम विराम के प्रथम ,द्वितीय निश्वास)
नैषधीयचरितम् (प्रथम सर्ग)
पुराण का सामान्य –परिचय ।
सम्पूर्ण पाठ्यक्रम तीन खण्डों तथा पॉच इकाईयों मे विभाजित किया गया है । इसका विस्तृत विवरण इस प्रकार है –

प्रथम इकाई – शिवराजविजय प्रथम निश्वास
द्वितीय इकाई – शिवराजविजय द्वितीय निश्वास
तृतीय इकाई – नैषधीयचरितम् (प्रथम सर्ग) श्लोक 1 से 70 तक
चतुर्थ इकाई – नैषधीयचरितम् (प्रथम सर्ग) श्लोक 71 से 145 तक
पंचम इकाई – पुराण का सामान्य परिचय

प्रथम खण्ड – (वस्तुनिष्ठात्मक भाग) **10 अंक**
इस खण्ड के अन्तर्गत ,विकल्परहित वस्तुनिष्ठ दस प्रश्न पूछे जायेंगे । ये पाठ्यक्रम पर आधारित होगें तथा सभी इकाइयो से समान भाव से पूछे जायेगे ।

द्वितीय खण्ड – (व्याख्यात्मक भाग एवं प्रश्न) **35 अंक**
इस खण्ड के अन्तर्गत कुल पॉच प्रश्न शत–प्रतिशत विकल्प के साथ पूछे जायेगें ।इसमें से प्रत्येक का उत्तर 250 शब्दों में देना होगा । प्रत्येक प्रश्न के लिए 7–7 अंक निर्धारित हैं । इनका पाठ्यक्रम के अनुसार विभाजन निम्न प्रकार से होगा –

(क) शिवराजविजय (प्रथम निश्वास) में से किसी गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या विकल्प के साथ पूछी जायेगी। **7 अंक**
(ख) शिवराज विजय (द्वितीय निश्वास) में से किसी गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या विकल्प के साथ पूछी जायेगी । **7 अंक**
(ग) नैषधीयचरितम् (प्रथम –सर्ग) श्लोक 1 से 70 तक में से किसी एक श्लोक की सप्रसंग व्याख्या विकल्प के साथ पूछी जायेगी । **7 अंक**
(घ) नैषधीयचरितम् (प्रथम –सर्ग) श्लोक 71 से 145 में से किसी एक श्लोक की **संस्कृत में** सप्रसंग व्याख्या विकल्प के साथ पूछी जायेगी । **7 अंक**
(ड.) इस प्रश्न मे पुराण का सामान्य परिचय पूछा जायेगा । जिसके प्रमुख बिन्दु पुराण की परिभाषा , पुराण एवं उपपुराणों की संख्या , पुराणों का प्रतिपाद्य आदि विषय होंगे । **7 अंक**

तृतीय खण्ड (निबंधात्मक भाग) **30 अंक**

इस खण्ड के अन्तर्गत कुल दो प्रश्न (विकल्प के साथ) पूछे जाएंगे । इनमें से प्रत्येक का उत्तर लगभग 400 शब्दों में देना होगा । इनके लिए 15 –15 अंक निर्धारित हैं ।

उक्त खण्ड के अन्तर्गत प्रथम प्रश्न के अन्तर्गत निम्नलिखित बिन्दु आधार स्वरूप होगे – **15 अंक**

(1) अम्बिकादत्त व्यास का व्यक्तित्व एवं कृतित्व , शिवराजविजय की कथा वस्तु की समालोचनात्मक समीक्षा, शिवराजविजय की भाषा –शैली , शिवराजविजय की ऐतिहासिकता शिवराजविजय के प्रमुख पात्रों में से किसी एक पात्र का चरित्र –चित्रण आदि
उक्त खण्ड के द्वितीय प्रश्न के अन्तर्गत निम्न बिन्दु आधार स्वरूप होगे – **15 अंक**

(2) श्रीहर्ष का व्यक्तित्व एवं कृतित्व, नैषधीयचरित का संस्कृत महाकाव्यों में स्थान, प्रथम सर्ग की कथावस्तु पर आधारित प्रश्न , श्रीहर्ष की अलंकार योजना ,महाकाव्य परम्परा में श्रीहर्ष का योगदान आदि

सन्दर्भ –ग्रन्थ –

(1) शिवराजविजय –अम्बिकादत्त व्यास

(2) नैषधीयचरितम् –श्रीहर्ष

(3) अम्बिकादत्त व्यास – एक अध्ययन –कृष्ण कुमार

(4) नैषधपरिशीलन – चण्डिकाप्रसाद शुक्ल

(5) संस्कृत साहित्य का इतिहास –बलदेव उपाध्याय

(6) संस्कृत साहित्य का इतिहास – डॉ0 प्रीति प्रभा गोयल

एम.ए. सेमेस्टर III (संस्कृत) 2010–2011
प्रश्न पत्र कूट संख्या –302
प्रश्न–पत्र II – (अनिवार्य) संस्कृत कवि

पाठ्यक्रम – पूर्णांक 75

1. अश्वघोष , कालिदास ,माघ , भारवि , श्रीहर्ष , कल्हण , बिल्हण, भास, शूद्रक, हर्षवर्धन, दण्डी , सुबन्धु

सम्पूर्ण पाठ्यक्रम तीन खण्डों तथा पाँच इकाईयों मे विभाजित किया गया है । इसका विस्तृत विवरण इस प्रकार है –

प्रथम इकाई – अश्वधोष एवं कालिदास
द्वितीय इकाई – माघ भारवि , श्रीहर्ष
तृतीय इकाई – कल्हण , एवं बिल्हण
चतुर्थ इकाई – भवभूति ,शूद्रक एवं हर्षवर्धन
पंचम इकाई – दण्डी एवं सुबन्धु

प्रथम खण्ड – (वस्तुनिष्ठात्मक भाग) 10 अंक

इस खण्ड के अन्तर्गत ,विकल्परहित वस्तुनिष्ठ दस प्रश्न पूछे जायेंगे । ये पाठ्यक्रम पर आधारित होगें तथा सभी इकाइयो से समान भाव से पूछे जायेगे ।

द्वितीय खण्ड – (व्याख्यात्मक भाग एवं प्रश्न) 35 अंक

इस खण्ड के अन्तर्गत कुल पॉच प्रश्न शत–प्रतिशत विकल्प के साथ पूछे जायेगें ।इसमें से प्रत्येक का उत्तर 250 शब्दों में देना होगा । प्रत्येक प्रश्न के लिए 7–7 अंक निर्धारित हैं । इनका पाठ्यक्रम के अनुसार विभाजन निम्न प्रकार से होगा –

(क) अश्वधोष एवं कालिदास के व्यक्तित्व तथा कृतित्व से सम्बन्धित दो प्रश्न देकर एक का उत्तर पूछा जायेगा । **7 अंक**
(ख) माघ भारवि श्रीहर्ष के व्यक्तित्व तथा कृतित्व से सम्बन्धित दो प्रश्न देकर एक का उत्तर पूछा जायेगा । **7 अंक**
(ग), कल्हण , एवं बिल्हण के व्यक्तित्व तथा कृतित्व से सम्बन्धित दो प्रश्न देकर एक का उत्तर पूछा जायेगा । **7 अंक**
(घ) भवभूति, शूद्रक एवं हर्षवर्धन के व्यक्तित्व तथा कृतित्व से सम्बन्धित दो प्रश्न देकर एक का उत्तर पूछा जायेगा । **7 अंक**
(ड.) दण्डी एवं सुबन्धु की रचनाओं से सम्बन्धित दो प्रश्न देकर एक का उत्तर **संस्कृत** में पूछा जायेगा । **7 अंक**

तृतीय खण्ड (निबंधात्मक भाग) **30 अंक**

इस खण्ड के अन्तर्गत कुल दो प्रश्न (विकल्प के साथ) पूछे जाएंगे । इनमें से प्रत्येक का उत्तर लगभग 400 शब्दों में देना होगा । इनके लिए 15 –15 अंक निर्धारित हैं ।

उक्त खण्ड के अन्तर्गत प्रथम प्रश्न के अन्तर्गत निम्नलिखित बिन्दु आधार स्वरूप होगे – **15 अंक**

(1) अश्वघोष , कालिदास ,माघ , भारवि , श्रीहर्ष , कल्हण , एवं बिल्हण की कृतियों के काव्य –वैशिष्ठ्य से सम्बन्धित दो प्रश्न देकर एक का उत्तर पूछा जायेगा

(2) उक्त खण्ड के द्वितीय प्रश्न के अन्तर्गत निम्न बिन्दु आधार स्वरूप होगे – **15 अंक**
भवभूति भास, शूद्रक, हर्षवर्धन, दण्डी , एवं सुबन्धु की कृतियों के काव्य –वैशिष्ठ्य से सम्बन्धित दो प्रश्न देकर एक का उत्तर पूछा जायेगा

सन्दर्भ –ग्रन्थ –

(1) संस्कृत साहित्य का इतिहास – डॉ0 विश्वनाथ शर्मा

(2) संस्कृत साहित्य का इतिहास – कपिल द्विवेदी

(3) संस्कृत साहित्य का इतिहास – डॉ0 प्रीतिप्रभा गोयल

(4) संस्कृत साहित्य का इतिहास – डॉ0 बलदेव उपाध्याय

एम.ए. सेमेस्टर III (संस्कृत) 2011–2012
प्रश्न पत्र कूट संख्या –303 वर्ग अ (साहित्य)
प्रश्न–पत्र III – काव्य शास्त्र

पाठ्यक्रम – **पूर्णांक 75**

काव्य प्रकाश (प्रथम से षष्ठ उल्लास पर्यन्त)
काव्य शास्त्र के प्रमुख सम्प्रदायों का सामान्य –परिचय
समग्र पाठ्यक्रम तीन खण्डों तथा पॉच इकाइयो में विभाजित किया गया है, इसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है ।

पाठ्यक्रम की इकाइयाँ –
प्रथम इकाई –काव्यप्रकाश , 1–2 उल्लास
द्वितीय इकाई – काव्यप्रकाश 3–4 उल्लास
तृतीय इकाई – काव्य प्रकाश 5–6 उल्लास
चतुर्थ इकाई – काव्य प्रकाश पर आधारित प्रश्न
पंचम इकाई – काव्य –शास्त्र के प्रमुख सम्प्रदायों का परिचय

प्रथम खण्ड –वस्तुनिष्ठात्मक भाग **10 अंक**

इस खण्ड के अन्तर्गत ,विकल्परहित वस्तुनिष्ठ कुल दस प्रश्न पूछे जायेंगे । ये पाठ्यक्रम पर आधारित होगें तथा समस्त इकाइयों में से समान भाव से सम्बद्ध होगें ।

द्वितीय खण्ड – व्याख्यात्मक भाग एवं प्रश्न **35 अंक**

इस खण्ड के अन्तर्गत कुल पॉच प्रश्न शत–प्रतिशत विकल्पों के साथ पूछे जायेंगे ।इनमें से प्रत्येक का उत्तर 250 शब्दों में देना होगा । प्रत्येक प्रश्न के लिए 7–7 अंक निर्धारित हैं । इनका पाठ्यक्रम के अनुसार विभाजन निम्न प्रकार से है –

(क) काव्य प्रकाश के प्रथम एवं द्वितीय उल्लासों में से किसी एक कारिका की सप्रसंग व्याख्या विकल्प सहित पूछी जायेगी । **7 अंक**
(ख) काव्य प्रकाश के तृतीय एवं चतुर्थ उल्लासों मे से किसी एक कारिका की सप्रसंग व्याख्या विकल्प सहित पूछी जायेगी । **7 अंक**
(ग) काव्य प्रकाश के पंचम एवं षष्ठ उल्लास में से किसी एक कारिका की **संस्कृत में** व्याख्या विकल्प सहित पूछी जायेगी । **7 अंक**
(घ) इस प्रश्न के अन्तर्गत काव्य लक्षण, शब्द का संकेतीकरण चित्र काव्य विवेचन काव्य प्रकाश का महत्त्व , मम्मट का योगदान आदि प्रश्न विकल्प सहित पूछे जायेंगे । काव्य प्रकाश का महत्त्व आदि प्रश्न पूछे जायेंगे **7 अंक**
(ड.) काव्य –शास्त्र के प्रमुख सम्प्रदाय ,रस–सम्प्रदाय, अलंकार–सम्प्रदाय रीति सम्प्रदाय,वक्रोक्ति–सम्प्रदाय , ध्वनि–सम्प्रदाय एवं औचित्य सम्प्रदाय पर आधारित प्रश्न विकल्प सहित पूछा जायेगा **7 अंक**

तृतीय खण्ड –निबंधात्मक भाग **30 अंक**

इस खण्ड के अन्तर्गत कुल दो प्रश्न (विकल्पों के साथ) पूछे जाएंगे । इनमे से प्रत्येक का उत्तर लगभग 400 शब्दो मे देना होगा । इनके लिए 15–15 अंक निर्धारित हैं ।

(1) उक्त खण्ड के अन्तर्गत प्रथम प्रश्न के अन्तर्गत निम्नलिखित बिन्दु आधार स्वरूप होंगे – **15 अंक**

काव्य प्रकाश में विवेचित विषय वस्तु –काव्यप्रयोजन , काव्य–हेतु,,काव्य –लक्षण , अभिधा लक्षणा, व्यंजना, ध्वनि का स्वरूप ,काव्य –भेद , ध्वनि –भेद ,गुणीभूतव्यंग्य, रस, गुण अंलकारादि ।

(2) उक्त खण्ड के द्वितीय प्रश्न के अन्तर्गत निम्न बिन्दु आधार स्वरूप होंगे– **15 अंक**
अलंकार सम्प्रदाय , रीति सम्प्रदाय , ध्वनि सम्प्रदाय , रस सम्प्रदाय , वक्रोक्ति सम्प्रदाय , औचित्य सम्प्रदाय।

सन्दर्भ ग्रन्थ

(1) काव्यप्रकाश – आचार्य मम्मट – वामनाचार्य झलकीकर
(2) भारतीय साहित्यशास्त्र – जी.टी. देशपाण्डे
(3) भारतीय साहित्यशास्त्र (भाग 1 –2) – पण्डित बलदेव उपाध्याय

एम.ए. सेमेस्टर III (संस्कृत) 2011–2012
प्रश्न पत्र कूट संख्या –304 वर्ग –अ (साहित्य)
प्रश्न–पत्र IV– साहित्य शास्त्र - I

पाठ्यक्रम – **75 अंक**

रसगंगाधर (प्रथम आनन) – आरम्भ से रसभेद निरूपण तक
ध्वन्यालोक (प्रथम उद्योत)
सम्पूर्ण पाठ्यक्रम तीन खण्डो तथा पाँच इकाइयों में विभाजित किया गया है, इसका विस्तृत विवरण इस प्रकार है ।

पाठ्यक्रम की इकाइयां –

प्रथम इकाई – रसगंगाधर (प्रथम आनन) के आरम्भ से काव्यभेद तक ।
द्वितीय इकाई – रसगंगाधर (प्रथम आनन) के ' रसस्वरूप ' से लेकर रसभेद निरूपण तक
तृतीय इकाई – ध्वन्यालोक (प्रथम उद्योत) कारिका (1–8) तक
चतुर्थ इकाई – ध्वन्यालोक पर (प्रथम उद्योत) कारिका (9–18) कारिका
पंचम इकाई – ध्वन्यालोक पर आधारित प्रश्न

प्रथम खण्ड – (वस्तुनिष्ठात्मक भाग)

10 अंक

इस खण्ड के अन्तर्गत विकल्परहित वस्तुनिष्ठ दस प्रश्न पूछे जायेगे । ये पाठ्यक्रम पर आधारित होंगे तथा सभी इकाइयों से समानभाव से पूछे जायेगे ।

द्वितीय खण्ड –(व्याख्यात्मक भाग एवं प्रश्न) **35 अंक**

इस खण्ड के अन्तर्गत कुल पॉच प्रश्न शत–प्रतिशत विकल्प के साथ पूछे जायेगे ।इसमें से प्रत्येक का उत्तर 250 शब्दों में देना होगा । प्रत्येक प्रश्न के लिए 7–7 अंक निर्धारित हैं। इनका पाठ्यक्रम के अनुसार विभाजन निम्नलिखत प्रकार होगा –

(क) रसगंगाधर (प्रथम आनन) की आरम्भ से काव्यभेद निरूपण तक में से किसी एक गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या पूछी जायेगी । **7 अंक**
(ख) रसगंगाधर प्रथम आनन) के रसस्वरूप से लेकर रसभेद निरूपण तक एक कारिका की सप्रसंग व्याख्या पूछी जायेगी । **7 अंक**
(ग) ध्वन्यालोक (प्रथम उद्योत) कारिका 1–8 तक में से किसी एक कारिका की सप्रसंग व्याख्या पूछी जायेगी । **7 अंक**
(घ) ध्वन्यालोक (प्रथम उद्योत) कारिका 9–10 तक में से किसी एक कारिका की **सप्रसंग संस्कृत** –व्याख्या पूछी जायेगी **7 अंक**
(ड.) ध्वन्यालोक (प्रथम उद्योत) के आधार पर ध्वनि की परिभाषा ,विपक्षी मतों का खण्डन , ध्वनि के पक्ष मे युक्तियां उदाहरण , काव्यस्यात्मा ध्वनिः आदि विषय पर आधारित प्रश्न
7 अंक

तृतीय खण्ड (विवेचनात्मक भाग) **30 अंक**

इस खण्ड के अन्तर्गत कुल दो प्रश्न (विकल्पों के साथ) पूछे जाएंगे । इनमे से प्रत्येक का उत्तर लगभग 400 शब्दो मे देना होगा । इनके लिए 15-15 अंक वाले है ।

(1) उक्त खण्ड के प्रथम प्रश्न के अन्तर्गत रसगंगाधर (प्रथम आनन) के आरंभ से रसभेद निरूपण तक आधारित विषयवस्तु पर होगा । **15 अंक**

(2) उक्त खण्ड के द्वितीय प्रश्न के अन्तर्गत पं. जनन्नाथ का व्यक्तित्व, कृतित्व, उनके साहित्यशास्त्र में उनका स्थान एवं रसगंगाधर की विषयवस्तु पर आधारित होगा । **15 अंक**

सहायक पुस्तकें

(1)रसगंगाधर – पंडित जगन्नाथ
(2)ध्वन्यालोक – आनंदवर्धन

एम.ए. सेमेस्टर III (संस्कृत) 2011–2012
प्रश्न पत्र कूट संख्या –305 वर्ग –अ साहित्य
प्रश्न–पत्र V– संस्कृत नाटक

पाठ्यक्रम – **पूर्णांक 75**

उत्तररामचरितम् –भवभूति

कर्णभारम् भास

समग्र पाठ्यक्रम तीन खण्डों तथा पाँच इकाइयों में विभाजित किया गया है । इसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है ।

पाठ्यक्रम की इकाइयाँ –

प्रथम इकाई –उत्तररामचरितम् नाटक के 1–3 अंक
द्वितीय इकाई – उत्तररामचरितम् नाटक के 4–7 अंक
तृतीय इकाई – उत्तररामचरितम् नाटक की विषयवस्तु पर आधारित प्रश्नपत्र ,अंको का सार अंको का वैशिष्ट्य , उत्तररामचरितम् की विशेषता से सम्बन्धित प्रश्न ।
चतुर्थ इकाई – कर्णभार नाटक के प्रथम अंक श्लोक 1–12 तक
पंचम इकाई – कर्णभार नाटक के प्रथम अंक के श्लोक 13–25 तक

प्रथम खण्ड (वस्तुनिष्ठात्मक भाग) **10 अंक**

इस खण्ड के अन्तर्गत ,विकल्परहित वस्तुनिष्ठ कुल दस प्रश्न पूछे जायेंगे । ये पाठ्यक्रम पर आधारित होगें तथा समस्त इकाइयो से समान भाव से सम्बद्ध होंगें ।

द्वितीय खण्ड –(व्याख्यात्मक भाग एवं प्रश्न) **35 अंक**

इस खण्ड के अन्तर्गत कुल पॉच प्रश्न शत–प्रतिशत विकल्पों के साथ पूछे जायेंगे ।इनमें से प्रत्येक का उत्तर 250 शब्दों में देना होगा । प्रत्येक प्रश्न के लिए 7 अंक निर्धारित हैं। इनका पाठ्यक्रम के अनुसार विभाजन निम्नलिखत प्रकार से है –

(क) उत्तररामचरितम् नाटक के 1–3 अंक में से किसी श्लोक की सप्रसंग व्याख्या पूछी जायेगी । **7 अंक**

(ख) उत्तररामचरितम् नाटक के 4–7 अंक में से किसी श्लोक की संस्कृत सप्रसंग व्याख्या पूछी जायेगी । **7 अंक**

(ग) उत्तररामचरितम् नाटक की विषयवस्तु पर आधारित प्रश्नपत्र ,अंको का सार अंको का वैशिष्ट्य , उत्तररामचरितम् की विशेषता से सम्बन्धित प्रश्न । **7 अंक**

(घ) नाटक कर्णभार के प्रथम अंक के श्लोक 1–12 तक में से सप्रसंग हिन्दी व्याख्या पूछी जायेगी । **7 अंक**

